# ए.टी.एम. मशीन को पिकअप से बांध उखाड़ कर ले गये बदमाश, पुलिस ने तीन को दबोचा

## इस वारदात को सात बदमाशों द्वारा मात्र 10 मिनट में अंजाम दिया गया था

**सिकंदरा/जयपुर,** (निस)। दौसा ज़िले के थाना सिकंदरा की स्पेशल टीम ने जयपुर ग्रामीण जिले के बगरू स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम मशीन को पिकअप से बांध उखाड़ कर ले जाने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को 3 घंटे के अंदर नाकाबंदी कर पकड़ लिया। बदमाशों के पास मिली फर्जी नंबर प्लेट लगी पिकअप से एटीएम मशीन, घटना में प्रयुक्त औजार और 5 लीटर हथकढ़ शराब जप्त की गई है। महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा ने इस कार्रवाई के लिए दौसा एसपी संजीव नैन कार्यवाही में शामिल टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है। वहीं बालाहेडी, मौजपुर व बनोखर एटीएम लूट की वारदातों का भी खुलासा हुआ है।

दौसा एसपी संजीव नैन ने बताया कि बीती रात नकाबपोश बदमाश थाना बगरू क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम मशीन को रस्सी के साथ पिकअप से बांध उखाड़ कर भाग गए थे। उनकी हरकतें सीसीटीवी कैमरे में रेकॉर्ड हो गई। इस वारदात को 7 बदमाशों द्वारा मात्र 10 मिनट में अंजाम दिया गया था। रेन्ज आईजी दत्ता ने किया दौसा पुलिस को अलर्ट बदमाशों की मूवमेंट दौसा की तरफ आने पर आईजी उमेश दत्ता के निर्देशन एवं सीओ दीपक मीणा के



पुलिस ने एटीएम, घटना में प्रयुक्त औजार सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- **बदमाशों के पास मिली फर्जी नंबर प्लेट लगी पिकअप से एटीएम मशीन, घटना में प्रयुक्त औजार और पांच लीटर हथकढ़ शराब जब्त की**
- **बालाहेडी, मौजपुर व बनोखर एटीएम लूट की वारदातों का भी हुआ खुलासा**

सुपरविजन तथा थानाधिकारी मनोहर लाल के नेतृत्व में थाना सिकंदरा से एक विशेष टीम गठित कर सिकंदरा चौराहे पर नाकाबंदी की गई।

थानाधिकारी मनोहर लाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सिकंदरा चौराहे पर नाकाबंदी में दौसा की तरफ से तेज गति से आ रही संदिग्ध पिकअप को घेरकर रुकवाया गया। फर्जी नंबर प्लेट लगी पिकअप से बैंक ऑफ बड़ौदा की एटीएम मशीन घटना में प्रयुक्त दो सब्बल, एक रस्सा, एटीएम को ढकने में उपयोग ली गई रजाई तथा पिकअप के अंदर से 5 लीटर हथकढ़ शराब मिली। पुलिस ने पिकअप सवार बदमाश लोकेंद्र सिंह राजपूत पुत्र भूपेंद्र उर्फ भागीरथ (27) निवासी खड़गपुर थाना रैणी जिला अलवर, गणेश चौधरी पुत्र रामरतन (28) निवासी चोरू थाना फागी जयपुर ग्रामीण एवं हितेश सैनी पुत्र गिरधारी लाल (20) निवासी बध का बास थाना लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। गणेश चौधरी के विरुद्ध पूर्व में वाहन चोरी व अन्य चोरी के करीब 20 मुकदमे दर्ज है। लोकेंद्र सिंह राजपूत थाना रैणी का हिस्ट्रीशीटर है, इसके विरुद्ध वाहन व अन्य चोरी के 22 प्रकरण दर्ज हुए हैं।

# पोक्सो के आरोपी ने पुलिस अभिरक्षा में किया आत्महत्या का प्रयास

## युवक ने शौचालय में किसी नुकीली वस्तु से स्वयं के गले पर चोटे पहुंचाई

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पोक्सो के आरोपी युवक ने पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल घायल युवक को चिकित्सालय पहुंचाया जहां टांके लेने के कुछ घंटों बाद उसे छुट्टी दे दी गयी।

पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि थाना राजतालाब पुलिस ने पोक्सो एक्ट में विमल पुत्र गणेश आमलिया उम्र 25 वर्ष निवासी लोधा को गिरफ्तार किया था। 31 जनवरी से वह पुलिस रिमांड पर था। सुबह युवक ने शौचालय में किसी नुकीली वस्तु से स्वयं के गले पर चोटे पहुंचा कर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने उसे तत्काल महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया।

- **पुलिस ने तत्काल घायल युवक को चिकित्सालय पहुंचाया**

जहां युवक के गले पर टांके लिये गये और तबियत सामान्य होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। बाद में पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड़ चिकित्सालय पहुंचे और घटना की जानकारी ली। आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक को थाने में लाया गया और बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिये। राठौड़ ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध अभिरक्षा में आत्महत्या का प्रयास करने पर थानाधिकारी ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसके अनुसंधान का जिम्मा कोतवाली थानाधिकारी को दिया गया है।

स्वयं को चोट पहुंचाकर आत्महत्या करने के प्रयास करने के मामले की जांच वृत्ताधिकारी सूर्यवीर सिंह राठौड़ कर रहे हैं। इधर घायल युवक के परिजनों ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं दी गयी वे तो अपने पुत्र से मिलने के लिये राजतालाब थाने पर आये थे तब उन्हें इसकी जानकारी मिली।

# पति की मौत को लेकर पत्नी पर ही हत्या का आरोप लगाया

## हिण्डौन सिटी में लोगों ने किया थाने का घेराव, गिरफ्तारी की रखी मांग

**हिण्डौनसिटी,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में 24 जनवरी को खेम सिंह की संदिग्ध मौत को लेकर गुरुवार को थाना परिसर के बाहर वार्डवासियों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान थाने में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पहुंचे और मृतक की पत्नी और एक अन्य व्यक्ति पर ही हत्या का आरोप लगाकर गिरफ्तारी की मांग की है। खेमसिंह की मौत के बाद उसकी पत्नी सावित्री ने थाने में मामला दर्ज कराया था। जबकि मृतक के सगे भाई गोपाल, विजय महावर समेत सैकड़ों महिलाओं ने मृतक की पत्नी और एक अन्य संदिग्ध पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस दौरान प्रदर्शन कर रही महिलाएं अपने साथ मृतक की पत्नी और उसका नाबालिग बेटी को साथ लेकर थाने पहुंची। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे वार्डवासियों ने मृतक पत्नी को पुलिस को सौंप दिया। थाने के मुख्य प्रवेश द्वार को घेरकर लोगों ने कई घंटों तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान

- **मृतक की पत्नी और बेटी को साथ लेकर थाने पहुंची महिलाएं**

सुखदेवपुरा कॉलोनी से गोपाल महावर, सुनीता महावर, विजय, राजू, पारस, पुष्पा समेत कई लोग मौजूद रहे।

थाना प्रभारी रामरूप मीना ने बताया पोस्टमार्टम के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा। पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की है। पुलिस ने मामले में संदिग्ध महिला से भी पूछताछ की है। प्रदर्शनकारियों के साथ थाना प्रभारी रामरूप मीना ने समझाइश कर बताया कि मामले में किसी भी निर्दोष को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। इसके बाद महिलाएं वापस लौट गई।

# तीन बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं.)। सुखेर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान कार में सवार तीन बदमाशों से दो पिस्टल, एक 12 बोर मय 14 जिंदा कारतूस जब्त कर तीनों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधउीक्षक चन्द्रशील ठाकुर, सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी

- **दो पिस्टल, एक 12 बोर मय 14 जिंदा कारतूस जब्त**

अभियान के दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर अमरख महादेव के आगे फूलो की घाटी रोड़ पर संदिग्ध कार की तलाशी ली। जिसमें दलपतसिंह पुत्र रणसिंह निवासी बडी हॉस्पीटल के पिछे अम्बामाता, अनिल पुत्र किशनलाल निवासी सेमटाल गोगुन्दा तथा भंवरसिंह पुत्र देवीसिंह निवासी निकोर सायरा बैठे थे।

इस पर तलाशी ली तो कार में बैठे आरोपियों के कब्जे से एक 12 बोर बंदूक, मय 5 जिंदा कारतूस, दो पिस्टल मय 9 जिंदा कारतूस मिले। इस पुलिस ने तीनो को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से हथियार मय कार जब्त कर प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की।

# जे.ई.ई.-मेन-2023-एन.आई.टी. अलॉटमैंट में हजारों स्टूडेंट्स की सीटें हो सकती है निरस्त!

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की आयोजक संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा की गई एक छोटी सी गलती हजारों स्टूडेंट्स पर भारी पड़ने वाली है। इस समस्या से हजारों स्टूडेंट्स का सामना काउंसलिंग के दौरान एनआईटी के लिए होने वाली सीट आवंटन में होगा। यह गलती जेईई-मेन के आवेदन के दौरान पूछे गए स्टेट ऑफ इलेजिब्लिटी की जगह स्टेट ऑफ रेजीडेंस से जुड़ी हुई है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि एनटीए द्वारा जेईई-मेन के लिए इस वर्ष हुई आवेदन प्रक्रिया में एक बड़ी गलती की गई। आवेदन के दौरान स्टेट ऑफ इलेजिब्लिटी की जगह स्टेट ऑफ रेजीडेंस पूछा गया। इसमें स्टूडेंट्स ने उस स्टेट का नाम दिया, जिस स्टेट के वे निवासी हैं, जबकि एनटीए को इस कॉलम में उस स्टेट की डिटेल पूछनी थी, जिस स्टेट से स्टूडेंट्स ने अपनी 12वीं की परीक्षा दी है या देने वाले हैं, क्योंकि इस जानकारी के आधार पर ही स्टूडेंट्स को उस विशेष स्टेट की एनआईटी में होम स्टेट कोटे 50 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन में वरीयता दी जाती है। देश के 32 एनआईटी में करीब 26 हजार सीटें हैं, उनमें से 13 हजार सीटों पर प्रवेश होम स्टेट कोटे से दिया जाता है और शेष 13 हजार सीटों पर अदर स्टेट कोटे से एडमिशन दिया जाता है।

आहूजा ने बताया कि आवेदन के दौरान मांगें गए स्टेट ऑफ रेजीडेंस की जानकारी के आधार पर ही स्टूडेंट्स का जेईई मेन का एडमिट कार्ड जारी किया गया। इस कॉलम में भरे गए स्टेट ऑफ रेजीडेंस को स्टेट ऑफ इलेजिब्लिटी का स्टेट मान लिया गया। इस वजह से अब उन हजारों स्टूडेंट्स का भविष्य खतरे में आ गया है, जिन्होंने आवेदन के दौरान स्टेट ऑफ रेजीडेंस वाले कॉलम में अपना निवास का स्टेट भर दिया, जबकि उन्होंने 12वीं की परीक्षा अन्य किसी दूसरे राज्य से उत्तीर्ण की है या इसकी पढ़ाई कर रहे हैं।

# बमों को सेना की टीम ने डिफ्यूज किया

**सूरतगढ़,** (निसं)। सिटी थाना क्षेत्र में जनवरी माह में दो अलग-अलग स्थानों पर मिले जिंदा बमों को डिफ्यूज कर दिया गया। सेना की साधुवाली से पहुंची बम निरोधक टीम ने जैसे ही दोनों बमों को डेटोनेटर के जरिये ब्लास्ट करवाया तो हवा में कई फीट ऊंचा रेत का गुबार उठ गया। सिटी थाना के एसएचओ कृष्ण कुमार ने बताया कि 5 जनवरी को थाना क्षेत्र के राजपुरा पीपेरन गांव की रोही में किसान लालचंद पुत्र अंतराम स्वामी के खेत में बम मिला था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बम के चारों ओर मिट्टी के कट्टे लगवाकर उसे निगरानी में लिया था। इसके बाद 15 जनवरी को भी पुलिस को मानकसर क्षेत्र में एनएच-62 पर बने फ्लाईओवर के समीप झाड़ियों में बमनुमा वस्तु देखे जाने की ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली।

# सांसद कस्वां ने लोकसभा में उठाया खरीफ फसल-2021 के बीमा क्लेम का मुद्दा

**सादुलपुर,** (निसं)। बजट सत्र दौरान सांसद राहुल कस्वां ने फसल बीमा योजना के अंतर्गत चूरू व हनुमानगढ जिले के नोहर, भादरा व रावतसर के खरीफ-2021 के बीमा क्लेम का मुद्दा उठाते हुए सम्पूर्ण तथ्यात्मक जानकारी सदन के साथ साझा की।

सांसद कस्वां ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ-2021 के बीमा क्लेम में चूरू जिले के किसानों के साथ प्रदेश सरकार की नाक के नीचे घोर अन्याय हुआ है। बीमा कम्पनी की अपील पर राज्य सरकार की एसटीएसी कमेटी ने अलग- अलग जिलों में खरीफ 2021 फसल बीमा क्लेम में दोहरा मापदण्ड

- **सांसद कस्वां ने कहा कि बीमा कम्पनी की अपील पर राज्य सरकार की एसटीएसी कमेटी ने अलग- अलग जिलों में खरीफ 2021 फसल बीमा क्लेम में दोहरा मापदण्ड अपनाया है**

अपनाया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बारां व हनुमानगढ जिले का खरीफ-2021 का बीमा क्लेम (केस बाय केस) जहाँ क्रॉप कटिंग रिपोर्ट पर कृषि अधिकरियों के हस्ताक्षर थे, वहां क्रॉप कटिंग के आधार पर और अन्य जगहों पर क्रॉप कटिंग रिपोर्ट और सैटेलाईट आंकडों के अनुपात में दिया गया है। इसके उलट चूरू जिले में राज्य सरकार की एसटीएसी कमेटी ने एक तरफा फैसला लेते हुए सैटेलाईट आंकडों और क्रॉप कटिंग के अनुपात के आधार पर दिया गया। राज्य सरकार की एसटीएसी कमेटी के गलत फैसले के कारण किसानों हक मारा गया है।

सांसद कस्वां ने सदन के माध्यम से केन्द्रीय कृषि मंत्री से अनुरोध किया कि चूरू संसदीय क्षेत्र के किसानों के साथ न्याय होना चाहिए। केन्द्र सरकार, राज्य की सरकार से संवाद कर चूरू जिले के सम्बन्ध में एसटीएसी कमेटी के निर्णय को रिव्यू करवाए।

इसके साथ ही सांसद कस्वां ने सदन के माध्यम से कृषि मंत्री से आग्रह किया कि संसदीय क्षेत्र के नोहर, भादरा व रावतसर में जहाँ आनुपातिक आधार पर फसल बीमा जारी हुआ है, उन पटवार मंडलों का डाटा सार्वजनिक किया जाये और राज्य सरकार की एसटीएसी कमेटी द्वारा आनुपातिक आधार पर जारी बीमा क्लेम के फैसले को रिव्यू करवाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की नियमावली के अनुसार ऊपर के लेवल यानि तहसील स्तर के क्रॉप कटिंग डाटा के अनुसार फसल बीमा जारी करवाया जाये।

# तीन गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। यहां धीरे-धीरे अवैध हथियार की मंडी बनता जा रहा है। कुछ युवक बाहर से बड़ी संख्या में अवैध हथियार लाकर बीकानेर में बेच रहे हैं। कुछ रुपयों का फायदा कमाने के लिए इन हथियारों की सोशल मीडिया पर मार्केटिंग हो रही है। बीकानेर पुलिस ने इसी रिपोर्ट के आधार पर कुछ युवकों को दबोचा है, बीकानेर पुलिस अधीक्षक योगेश यादव के नेतृत्व में ऐसे ही युवकों की धरपकड़ के लिए फिर से अभियान शुरू किया गया है। नयाशहर पुलिस और एसपी की डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि अनिल बिश्नोई नामक एक युवक को नामजद करते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस को शक है कि अनिल बिश्नोई ही बीकानेर में हथियारों की खरीद फरोख्त करता है। पुलिस ने जिन तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

# कार-बस की भिड़ंत में मां-बेटे की मौत, तीन घायल

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर-जयपुर मार्ग पर कार और सवारी बस की आमने-सामने टक्कर में मां-बेटे की मौत हो गई। जबकि बेटे की पत्नी और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीबीएम अस्पताल के लिए रैफर किया गया है। यह हादसा श्रीडूंगरगढ़ के पास कीतासर में हुआ है। गुरूवार दोपहर बाद कितासर के पास बस व कार आमने सामने टकरा गई। कार में पांच जने सवार थे। इसमें राणासर गांव में वीरेंद्र उर्फ सुभाष हुड्डा अपनी मां परमेश्वरी, पत्नी सरस्वती और बेटा-बेटी के साथ थे। सरस्वती यहां एक सरकारी स्कूल में टीचर है।

- **घायलों को उपचार के लिए पी.बी.एम. अस्पताल भिजवाया**

हादसे में वीरेंद्र की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वो और उसकी मां दोनों आगे बैठे थे, जिनकी मौके पर ही वीरेंद्र हुड्डा और परमेश्वरी की मौत हो गई। पत्नी और दो बच्चे पीछे बैठे थे, जो गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें तुरंत बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही आपणो गांव सेवा समिति के सदस्य मौके पर पहुंच गए। इन लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और पीबीएम अस्पताल के लिए भेज दिया। मृतकों को अब श्रीडूंगरगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हैड कांस्टेबल हवा सिंह सहित के आपणो गांव सेवा समिति के केशराराम गोदारा, विमल भाटी, विक्रम सिंह राठौड़ भी मौके पर पहुंचे। ये सवारी बस थी जो बीकानेर से नीम का थाना जा रही थी। वहीं कार बीकानेर से आ रही थी। कीतासर बस स्टैंड के पास ही ये हादसा हुआ। इससे पहले बुधवार को भी इसी मार्ग पर बस पलट गई थी, जिससे बस में सवार चार यात्रियों को चोट आई थी। तब घायलों को ज्यादा चोट नहीं लगी थी, लेकिन इस बार दो की मौके पर ही मौत हो गई।

# अधिकारियों की समझाइश के बाद धरना समाप्त

**सपोटरा/करौली,** (निसं)। गत 15 दिन पूर्व सपोटरा कस्बे में सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य के दौरान शिव मंदिर ढहने से महिला श्रद्धालु की मौत हो गई जिसको लेकर दूसरे दिन गुरुवार को सायंकाल अधिकारियों की समझाइश के बाद धरना समाप्त हो गया।

जानकारी के अनुसार गत 17 जनवरी को सपोटरा उपखंड मुख्यालय पर सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से नाली खुदाई का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान शिव मंदिर का गुंबद ढहने से एक महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई वही एक महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से घायल महिला कांति देवी ने 15 दिन जयपुर एसएमएस अस्पताल में उपचार लेकर 16 वे दिन दम तोड़ दिया। कांति देवी का शव सपोटरा पहुंचते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई और बुधवार को कस्बे के बाजार दिनभर बंद रहे और धरना दे रहे लोगों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई जो बेनतीजा साबित हुई। गुरुवार को दूसरे दिन भी कस्बे के बाजार बंद रहे। धरना देकर बैठे जांगिड समाज के लोगों और भाजपा पदाधिकारियों सहित परिजनों के बीच करौली से अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ सहित सपोटरा उपखंड का

- **मृतक के पुत्र ने ठेकेदार व मुनीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की बात कही**

पुलिस और प्रशासन पहुंचा। जहां मृतक के पुत्र ने ठेकेदार और मुनीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की बात कहते हुए कहा कि मुझे मुआवजा की राशि से कोई मतलब नहीं मुझे तो दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही चाहिए जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने समझाइश करते हुए कहा कि एक मुकदमे की दो एफआईआर नहीं हो सकती। उसी में इसे भी शामिल कर लिया जाएगा वही जांच पूरी तरह से निष्पक्ष होगी और दोषी व्यक्ति के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से निर्धारित प्रावधान के दौरान मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मृतक के आश्रितों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जिस पर परिवार जन और समाज सहित भाजपा के नेता मान गए। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने कहा कि मामले की पूरी तरह से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। धरना समाप्त होने के बाद मृतका कांति देवी के शव का दाह संस्कार कर दिया गया।

# दीवार गिरने से श्रमिक की मौत

**नदबई,** (निसं)। नदबई क्षेत्र के गांव बहरामदा में एक छप्परपोश मकान पर लगी टिनशेड को हटाने दौरान अचानक दीवार गिरने के चलते एक श्रमिक नीचे दब गया। समीपवर्ती लोगों ने घायल श्रमिक को सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने श्रमिक को मृत घोषित कर दिया।

घटना से गुस्साएं मृतक युवक के परिजन हत्या करने का आरोप लगाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। सूचना पर थाना प्रभारी रामअवतार मीणा ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मृतक युवक के परिजनों से समझाइश करने का प्रयास किया। लेकिन, मृतक के परिजन आरोपी गिरफ्तार करने की मांग करते हुए शव नहीं लेने की जिद पर अड़ गए। बाद में पुलिस सीओ नीतिराज सिंह के मामला दर्ज कर निष्पक्ष जांच करते हुए कार्रवाई करने के आश्वासन पर करीब चार घण्टे बाद परिजनों ने युवक का शव लिया। उधर, मामले में लालपुर निवासी मृतक युवक के बृजकिशोर जाटव पुत्र रमेश जाटव ने मजदूरी के पैसे मांगने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए बहरामदा निवासी विजय सिंह के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार लालपुर निवासी मृतक युवक सतीश जाटव गांव बहरामदा में छप्पर पर लगी टिनशेड खोल रहा था। इसी दौरान अचानक मिट्टी की दीवार गिर गई। दीवान नीचे गिरने के चलते युवक घायल हो गया। बाद में युवक की मौत हो गई।

# निलबंन आदेश रद्द करने की मांग को लेकर संयुक्त कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन किया

**सुजानगढ़,** (निसं)। छात्र रज्जाक की आत्महत्या के मामले में राजकीय पी.सी.बी स्कूल के प्रधानाध्यापक, उप प्रधानाध्यापक व दो महिला व्याख्ताओं को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बिना जांच किये निलम्बन करने पर संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले गुरूवार शाम को शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारियों ने उपखण्ड कार्यालय के सामने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

एन.के.लोहिया स्टेडियम में एकत्रित हुए शिक्षकों व अन्य विभागों के प्रकरण की बिना जांच निलबंन आदेश की निंदा करते हुए उपखण्ड कार्यालय की और कूच किया। कूच के दौरान सदर थाने के सामने कर्मचारियों को डीवाईएसपी रामप्रताप विश्नोई व अन्य पुलिस बल ने कर्मचारियों को उपखण्ड कार्यालय की और रोकने का प्रयास किया। जिस पर शिक्षक नेता गुरूदेव गोदारा, रामचंद्र गोदारा, बनवारी कुल्हरी, भंवरलाल पाण्डर सहित महिला शिक्षकों ने पुलिस द्वारा रोकने पर विरोध जताते हुए पुलिसबल को धकेलते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय की और बढ गये। यहां पर सम्बोधित करते हुए व्याख्याता महावीर प्रजापत ने कहा कि जांच पूर्ण होने से पहले विभाग के अधिकारियों ने प्रेशर के कारण निलम्बन जैसा बडा कदम



संयुक्त कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर उपखण्ड कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

उठाकर शिक्षकों को दण्डित किया है। प्रजापत ने बहाली के आदेश नही आने तक संयुक्त कर्मचारी संघ का धरना उपखण्ड कार्यालय पर जारी रखने की चेतावनी दी। इसके बाद ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष जीवणराम नेहरा ने निलबंन आदेश की निंदा की। नेहरा ने कहा कि सभी विभागों के कर्मचारी एकजुट है। शिक्षकों की बहाली नही होने तक आंदोलन जारी रहेगा। वंही दूसरी और मृतक छात्र के परिजनों व अल्पसंख्यक समाज के लोगों का भी उपखण्ड पर बर्खास्त करने व गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरना जारी रहा।

शिक्षकों के समर्थन संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले बनी संघर्ष समिति के 15 सदस्यों द्वारा उपखण्ड अधिकारी को शिक्षकों को बहाल करने का ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही व्याख्याता कुसूम शर्मा ने कहा कि इस प्रकरण में मृतक छात्र रज्जाक के भी स्कूल रिकॉर्ड की जांच व मृतक छात्र द्वारा लिखे गये सुसाइड नोट की एफएसल जांच करवाने की मांग की। गुरूदेव गोदारा ने उपखण्ड अधिकारी को चेतावनी देते हुये कहा कि अगर शिक्षकों को अगर बहाल नही किया गया तो राजस्थान की समस्त स्कूलें बंद करवायी जायेगी।

- **छात्र रज्जाक की आत्महत्या के मामले में प्रधानाध्यापक, उप प्रधानाध्यापक व दो महिला व्याख्ताओं को बिना जांच किये निलम्बन करने का मामला**

नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष राजेश गौड ने कहा कि कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नही किया जायेगा। शिक्षकों के समर्थन में जिला स्तर पर आंदोलन होगा। धर्मसिंह मीणा ने कहा कि शिक्षकों का काम बच्चों को अनुशासित करने का है। शिक्षक समाज के आदर्श होते है। और उन्हें दबाव में आकर इस तरह दण्डित करना अन्याय है।

इस मौके पर निलम्बित शिक्षकों के समर्थन में आये कर्मचारियों ने सुसाइड करने वाले छात्र रज्जाक को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों ने कहा कि अगर जांच में स्कूल के शिक्षक दोषी पाये जाते है, तो कर्मचारी यूनियन का पक्ष नही लेगी। लेकिन बिना जांच संस्पेड करना संवैधानिक अधिकार नही है।